आओ लंबाई नापें

आओ नापें : यश को अपने कमरे में पढ़ने के लिए एक मेज की आवश्यकता है । जिस जगह दीवार से सटाकर मेज रखना है उस जगह की लंबाई यश ने छोटी लकड़ी से नापा । वह जगह चार लकड़ी से थोड़ी अधिक थी ।

सबसे बड़ी मेज को लेने यश दुकान पर गया । वहाँ उसने अनेक मेजें देखीं । जिस लकड़ी से जगह नापा था उसी लकड़ी से मेज की लंबाई नापा । यश किस टेबल का चयन करेगा यह चित्र से कैसे निश्चित किया जाएगा ? यश के द्वारा चुने गए उनमे से सबसे बड़ी मेज के नीचे बने चौखट को रंगो ।

२ लकड़ी ☐ ३ लकड़ी ☐ ४ लकड़ी ☐ ५ लकड़ी ☐

यश ५ लकड़ी लंबाई वाले मेज का चयन क्यों नहीं करेगा ?

रमा को उसकी कक्षा के दरवाजे पर और विद्यालय के गेटपर फूलों का हार लगाना है । इसके लिए उसने मोटा धागा लाकर कक्षा के दरवाजे की चौड़ाई तथा विद्यालय के गेट की लंबाई को धागे से नापा । प्रत्येक हार के लिए दो बित्ता अधिक लंबाईवाला धागा काट लिया । दो बित्ता अधिक लंबाईवाला धागा क्यों लिया ?

इसे करके देखे : • तुम्हें विद्यालय की कक्षा और स्कूल के गेट के लिए तोरण बनाने के लिए कितना लंबा धागा लगेगा ?

• इमारत बनाने के लिए निर्माण स्थल पर शिक्षक के साथ या माता-पिता के साथ जाकर देखो कि माप किससे और कैसे लेते हैं ?

LTG5UU